अपठित गद्यांश

नीचे दिए गए गद्यांÉश को पढ़कर सही उत्तर लिखिए–

डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को छात्र काल से ही छुआछूत के कटु अनुभव होने लगे थे। एक बार भयंकर वर्षा से बचने के लिए बालक भीमराव एक मकान के बरामदे में खड़ा था। सवर्ण मकान मालिक को जब बालक भीमराव की जाति का पता चला तो उसने इन्हें बस्ते सहित बरसात के कीचड़ सने पानी में धकेल दिया। बालक भीमराव को इस प्रकार के अनेक अपमान सहने पड़े। अध्यापक उन्हें संस्कृत पढ़ाने को तैयार नही थे तो नाई बाल नहीं काटता था। फलस्वरूप डॉ. भीमराव अंबेडकर ने बचपन में ही निश्च य कर लिया था कि वे छुआछूत के विरूद्धा आजीवन संघर्ष करेंगे। हालाँकि डॉ. भीमराव अंबेडकर एक निर्धन परिवार के होते हुए भी एक मेधावी छात्र थे। साधनों के अभाव भी उनकी राह न रोक सके। उन्ही दिनो विद्या्लय के एक अध्यापक ने भीम का उपनाम 'संकपाल' बदलकर अंबावदे गाँव के आधार पर अंबेडकर रख दिया।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

(क) बालक भीमराव को सवर्ण मकान मालिक ने अपने बरामदे से क्यों धकेल दिया ?

(ख) डॉ. भीमराव को अपने छात्र काल में ही किस चीज का अनुभव होने लगा ?

भीमराव का उपनाम क्या था ?

(ग) अंबेडकर को निम्न वर्ण के होने के कारण बचपन में क्या-क्या अपमान सहने पड़े ?

(घ) अंबेडकर किस गाँव के रहने वाले थे ?

(ङ) नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - जीवन, अपमान

** Do this comprehension in your Hindi Grammar copy.